श्री बंशीधर नगर मंगलवार
09.06.2026
अधिक ज्येष्ठ कृष्णापक्ष नवमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 286

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:08 बजे
अस्त - 06:35 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

योजनाओं में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं >> पेज 03 जाह्नवी के समर्थन में आए जगपति बाबू >> पेज 05

## सुविचार

रवैया एक विकल्प है। खुशी एक विकल्प है। आशावाद एक विकल्प है। दयालुता एक विकल्प है।

## न्यूज अपडेट्स

### रिटायर बीसीसीएल कर्मी के पीएफ से 35.5 लाख की ठगी

**धनबाद।** धनबाद में बीसीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी की जीवनभर की जमा-पूंजी ठगी का शिकार हो गई। लोयाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले रिटायर बीसीसीएल कर्मी वासदेव ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके पीएफ खाते से फर्जी हस्ताक्षर और चेक के जरिए 35 लाख 50 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। मामले में बैंक कर्मियों और दलालों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार सोमवार से रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गया है। परिवार की मांग है कि ठगी गई पूरी राशि वापस दिलाई जाए और मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। भुक्तभोगी वासदेव ठाकुर के अनुसार अक्टूबर 2025 में बीसीसीएल से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें पीएफ मद में 35.5 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने फर्जी चेक और जाली हस्ताक्षर के माध्यम से उनके खाते से पूरी रकम निकाल ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद जांच शुरू हुई।

**राज्यसभा चुनाव** भाजपा ने नाथवाणी को समर्थन देकर खेल को बनाया रोचक

# गठबंधन से बैजनाथ व प्रणव ने भरे पर्चे

### झामुमो, कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवारों ने किया दो-दो सेट में नामांकन

**रांची।** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए तीन प्रत्याशियों ने सोमवार को दो-दो सेट में नामांकन किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से बैजनाथ राम, कांग्रेस से प्रणव झा और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में परिमल नाथवाणी ने अपनी दावेदारी ठोक दी है। तीनों ने दो-दो सेटों में नामांकन दाखिल किया। हर किसी के प्रस्तावकों की सूची अपने आप में एक बड़ी सियासी कहानी कह रही है।

झामुमो प्रत्याशी बैजनाथ राम के पहले नामांकन सेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद प्रस्तावक बने हैं। उनके साथ स्टीफन मरांडी, मथुरा महतो, उदय शंकर सिंह, लुइस मरांडी, सविता महतो, समीर मोहंती, अनंत प्रताप देव, जिग्गा सुसारन होरो और सजीव सरदार के नाम भी इस सूची में दर्ज हैं। दूसरे सेट में पार्टी ने युवा और सक्रिय चेहरों को आगे किया है। बसंत सोरेन, हफीजुल हसन अंसारी, सुदिव्य सोनू, उमाकांत रजक, धनंजय सोरेन, योगेंद्र प्रसाद, मो. ताजुद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया और राम सूर्या मुंडा इस सेट में प्रस्तावक हैं। यानी पार्टी ने वरिष्ठ और युवा दोनों मोर्चों को एक साथ साधने की कोशिश की है।



कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पहले सेट में झामुमो विधायक कल्पना सोरेन प्रस्तावक के रूप में सामने आई हैं। उनके साथ संजय प्रसाद यादव, सुरेश पासवान, मंगल कालिंदी, दीपक बिरूआ, निरल पूर्ति, भूषण तिर्की, सुखराम उरांव, नरेश प्रसाद सिंह और अरूप चटर्जी का नाम भी इस सूची में है। दूसरे सेट में अनुभव का पलड़ा भारी रखा गया है। प्रदीप यादव, डॉ. रामेश्वर उरांव, राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, सुरेश बैठा, भूषण बाड़ा, नमन विक्सल कोंगाड़ा, शिल्पी नेहा तिर्की, राजेश कच्छप और कुमार जयमंगल सिंह ने समर्थन दिया है। महागठबंधन की यह एकजुटता कांग्रेस के लिए बड़ी ताकत मानी जा रही है।



वहीं, दो सीटों पर तीन दावेदारी को देखते हुए परिमल नाथवानी ने ऐसी चाल चली कि झारखंड में राज्यसभा चुनाव का पूरा समीकरण ही पलट दिया। परिमल ने किसी खास पार्टी से अलग निर्दलीय पर्चा भरा। उनकी रणनीति तो तब चौंकाई जब वो नामांकन दाखिल करने पहुंचे। उनके पहले सेट के प्रस्तावकों में बाबूलाल मरांडी खेमे के नेताओं के साथ नवीन जायसवाल, सत्येंद्र तिवारी, डॉ. नीरा यादव, जर्नादन पासवान, सीपी सिंह, राज सिन्हा, निर्मल महतो और प्रकाश राम शामिल हैं। दूसरे सेट ने तो सारे समीकरण ही पलट दिए। चंपाई सोरेन और सरयू राय जैसे बड़े नाम उनके साथ खड़े हैं, और साथ में अमित यादव, नागेंद्र महतो, कुशवाहा शशि भूषण मेहता, मंजू कुमारी, रागिनी सिंह, पूर्णिमा साहू, देवेंद्र कुंवर और आलोक चौरसिया भी इस सूची में हैं। दो सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं।

# इंडी गठबंधन की बैठक में 25 दलों ने लिया हिस्सा, 5 मुद्दों पर सहमति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को विपक्षी इंडी गठबंधन के घटक दलों की बैठक के बाद कहा कि दो घंटे से अधिक चली इस बैठक में 5 मुद्दों पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा और सीबीएसई की गड़बड़ियों के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं और उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही चुनावों की निष्पक्षता और वोट चोरी के मामलों पर देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया है। नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडी गठबंधन की 7वीं बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, सुप्रिया सुले, कपिल सिब्बल, तेजस्वी यादव, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जबकि दो अन्य दलों शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन ऑनलाइन जुड़े। खरगे के मुताबिक बैठक में इन पांच मुद्दों पर सहमति बनी है-




इंडी गठबंधन चुनावों में निष्पक्षता और वोट चोरी के मामलों पर देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजेगा।
गठबंधन शिक्षा मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग करेगा। गठबंधन मौजूदा आर्थिक संकट, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और जनता से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए कहेगा। विपक्षी दल हर दो महीने में बैठक करेंगे। अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में होगी। मानसून सत्र के दौरान भी विपक्षी दलों का समन्वय जारी रहेगा और प्रतिदिन सुबह विपक्षी नेता बैठक करेंगे।
बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, विदुथलाई चिरुथाइगल काची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, केरल कांग्रेस, केरल कांग्रेस (मणि गुट), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, भारत आदिवासी पार्टी, लोक दल, फॉरवर्ड ब्लॉकऔर शेतकारी कामगार पक्ष समेत कुल 25 दलों के नेता शामिल रहे।
उल्लेखनीय है कि बीते तीन साल में इंडी गठबंधन से तीन पार्टियां अलग हो चुकी हैं। इनमें जेडीयू 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान, आम आदमी पार्टी दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान तथा डीएमके हाल ही में तमिलनाडु चुनाव के बाद गठबंधन से दूर हुई।

## फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप

# अब तक 19 की मौत, 134 घायल

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में सोमवार सुबह आए 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचा दी। इसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 134 लोग घायल हुए हैं। कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है और कुछ ढह गई हैं। भूकंप के बाद पूरे एशिया में सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, जिसे बाद में अधिकांश क्षेत्रों के लिए वापस ले ली गई। फिलीपींस की सरकारी समाचार संस्था फिलिपीन न्यूज एजेंसी और यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप सोमवार सुबह स्थानीय समयानुसार मिंडानाओ में द्वीप के पास आया। फिलिपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सिस्मोलॉजी ने बताया कि मुख्य झटके के बाद एक घंटे से ज्यादा समय तक झटके महसूस किए गए। दक्षिणी मिंडानाओ में 7.22 लाख की आबादी वाले शहर 'जनरल सैंटोस' को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। वहीं, पीएचआईवीओएलसी ने बताया कि सोक्ससारजेन के



दक्षिणी इलाके में स्थित इस शहर में भूकंप की तीव्रता उनके पैमाने पर बहुत ज्यादा मापी गई। आधिकारिक सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट में एक तीन मंज़िला इमारत, जिसमें लोकप्रिय फास्ट फूड चेन जॉलीबी रेस्टोरेंट था, मलबे और धूल के गुबार के साथ ढहती दिख रही है। अन्य तस्वीरों में इमारतों को भारी नुकसान पहुँचा है, जिसमें खिड़कियाँ टूटना और छतें गिरना शामिल है। स्थानीय पुलिस प्रवक्ता रॉबर्ट डगुन ने बताया कि शहर के सेंट एलिजाबेथ अस्पताल को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिसके चलते मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना पड़ा। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि आपदा के तुरंत बाद राहत एवं बचाव एजेंसियों को सक्रिय कर दिया। उन्होंने प्रभावित इलाकों में स्कूल बंद करने के आदेश भी जारी किए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, स्कूलों के पहले दिन लगभग 32 लाख छात्र और 1.28 लाख शिक्षक एवं कर्मचारी इस आपदा से प्रभावित हुए। ऑफिस ऑफ सिविल डिफेंस डिप्टी प्रवक्ता डिएगो ऑगस्टिन मारियानो के अनुसार अब तक 19 मौतों की सूचना मिली है, जिनमें 16 मौतें सोक्ससारजेन क्षेत्र और तीन मौतें दावाओ क्षेत्रसे दर्ज की गई हैं। हालांकि, इन आंकड़ों की अभी आधिकारिक पुष्टि की जा रही है।

### टीएमसी में संकट गहराया, काकोली घोष सहित 20 सांसदों का राजग को समर्थन देने का फैसला

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सोमवार को दावा किया कि कम से कम 20 सांसदों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन करने का फैसला किया है। इस संबंध में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया है। पश्चिम बंगाल के बारासात लोकसभा क्षेत्र की सांसद काकोली घोष ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 20 सांसदों की ओर से पहले ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र भेजा जा चुका है, जिसमें केंद्र की सत्तारूढ़ राजग सरकार का समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की गई है। घोष ने कहा कि वे लोकसभा में टीएमसी की मुख्य सचेतक हैं और यह निर्णय अन्य सांसदों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मुख्य सचेतक पद से हटाने का फैसला मनमाना और एकतरफा था। पार्टी अध्यक्ष ने भले ही मेरे स्थान पर किसी और की नियुक्ति की घोषणा कर दी हो, लेकिन इससे संवैधानिक और संसदीय स्थिति रातोंरात नहीं बदल जाती। हमने जनता के जनादेश को स्वीकार किया है। हमारा मानना है कि भविष्य में हमारी राजनीतिक दिशा राजग के साथ होनी चाहिए। वर्तमान में संसद के दोनों सदनों में टीएमसी के कुल 40 सांसद हैं। टीएमसी के लोकसभा में 28 और राज्यसभा में 12 सदस्य हैं। सुखेंदु शेखर रॉय ने आज ही टीएमसी और राज्यसभा सदस्ता से इस्तीफा दे दिया है। बागी सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ बैठक की है।

# निवेशकों की समस्याएं दूर करने के लिए जियाडा रेगुलेशन-2016 में हो रहा संशोधन : एमडी



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आमंत्रण पर जियाडा के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन सोमवार को चेंबर भवन पहुंचे और उद्योगों की समस्याओं पर बातचीत की। बैठक में राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और जियाडा की ओर से किए जा रहे सुधारात्मक प्रयासों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जियाडा एमडी ने बताया कि जियाडा रेगुलेशन-2016 में आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं, ताकि उद्योग-अनुकूल वातावरण तैयार हो सके। साथ ही वास्तविक निवेशकों को आने वाली कठिनाइयों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य और तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए नए रेगुलेशन तैयार किए जा रहे हैं, जिनका प्रारूप औद्योगिक संगठनों के साथ साझा कर उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। उन्होंने भूमि आवंटन और पजेशन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं निवेशक-अनुकूल बनाने, डीओपी की परिभाषा को सरल करने, परियोजना परिवर्तन की सुविधा प्रदान करने तथा औद्योगिक क्षेत्र में बिल्डिंग प्लान अनुमोदन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि के बेहतर उपयोग, बुनियादी सुविधाओं के विकास और निवेशकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जियाडा लगातार प्रयासरत है। बैठक में सेक्टरवार उद्योगों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए नियमित सेक्टोरल राउंड टेबल मीटिंग आयोजित करने, निवेश प्रोत्साहन को और प्रभावी बनाने एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप नीतिगत सुधार करने पर भी सहमति बनी। चेंबर ने इन प्रयासों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। चैंबर के सह सचिव रोहित पोद्दार ने राज्य में कोल्ड स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स की आवश्यकता, पलामू में जियाडा के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना और न्यूनतम वेतन दरों से संबंधित मुद्दों से उत्पन्न चुनौतियों को भी प्रमुखता से उठाया। जियाडा के प्रबंध निदेशक ने इन विषयों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

**न्यूज अपडेट्स**

## 188 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे फर्स्ट रेफरल यूनिट

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने सभी 188 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत पहले चरण में 20 सीएचसी को मॉडल एफआरयू के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली ने सोमवार को एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए मातृत्व कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा ने बताया कि चयनित स्वास्थ्य केंद्रों को भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इसके तहत आधारभूत संरचना, चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं तथा चिकित्सा उपकरणों को 50 से 80 प्रतिशत तक उन्नत किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सभी केंद्रों में गैप एनालिसिस कर आवश्यक मानव संसाधन और बुनियादी सुविधाओं की कमी दूर करने के निर्देश दिए हैं। गैप एनालिसिस के आधार पर केंद्रों को राष्ट्रीय प्रमाणन के लिए तैयार किया जाएगा। आईईसी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. राहुल किशोर सिंह ने बताया कि एफआरयू में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, जटिल प्रसव, सिजेरियन ऑपरेशन, नवजात शिशु देखभाल और ब्लड स्टोरेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**अध्यात्म** भक्ति, सेवा और श्रद्धा के साथ हुआ आयोजने

# श्री शनि देव मंदिर का 9वां वार्षिकोत्सव

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** शहर के अहिपुरवा में बांकी नदी के तट पर स्थित श्री शनि देव मंदिर में आयोजित दो दिवसीय नौवां वार्षिक महामहोत्सव रविवार को भक्ति, श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। पूरे महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। महोत्सव के समापन के मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ शनि देव महाराज का महाभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य आरती का आयोजन किया गया। अखंड कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सेवा भाव का भी अनूठा उदाहरण देखने को मिला। मंदिर समिति द्वारा वृद्धाश्रम के बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं के बीच वस्त्र वितरण किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिये महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और महामहोत्सव में शामिल होकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में ओबरा स्थित धर्मार्थ आश्रम से पधारे महंत बालयोगेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान शनिदेव न्याय, कर्म और सत्य के प्रतीक हैं। उनकी कृपा से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं तथा व्यक्ति को अपने कर्मों के अनुसार शुभ फल प्राप्त होता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुये कहा कि भगवान शनिदेव की कृपा सदैव सभी भक्तों पर बनी रहे। महोत्सव की सफलता में मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दो दिनों तक चले इस भव्य धार्मिक आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को नई ऊर्जा दी, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का भी संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व वार्ड पार्षद शंभू राम, सोनू सिंह, राजेश पांडेय, गुलाब पासवान, सुभाष पासवान, प्रदीप राम, अशोक चंद्रवंशी, प्रो सत्येंद्र पांडेय, धनश्याम शुक्ला, कमलेश पांडेय, अखिलेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जीआरडीए ने डोरंडा पीएचसी को मुहैया कराया अत्याधुनिक एंबुलेंस



**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के निर्देश पर ग्रेटर रांची डेवलपमेंट एजेंसी (जीआरडीए) ने जनसेवा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने के लिए एक अत्याधुनिक एंबुलेंस राजकीय औषधालय डोरंडा (पीएचसी) को सीएसआर फंड के तहत सोमवार को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने एंबुलेंस की चाबी सदर अस्पताल के डॉक्टर ताबान रिजवी को उपलब्ध कराया। मंत्री ने एंबुलेस को हरी झंडी दिखाकर डोरंडा अस्पताल के लिए रवाना किया। मंत्री आवास के समक्ष जीआरडीए के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियार ने संस्थान की ओर एंबुलेंस की चाबी उपलब्ध करायी। महाप्रबंधक ने बुके, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर मंत्री कुमार को सम्मानित किया। वहीं डॉ रिजवी सहित अन्य लोगों ने भी मंत्री को स्मृति चिन्ह और बुके दिया। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य ने कहा कि डोरंडा अस्पताल के लिए एंबुलेंस उपलब्ध होना क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की बात होगी। राजकीय अस्पताल की प्रभारी डॉ मिता सिन्हा को यह एंबुलेस सदर अस्पताल की ओर से कागजी कार्रवाई के बाद सौंप दी गई। इस अवसर पर जीआरडीए के अधिकारी शशि भूषण पाठक और साकेत कुमार सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और संक्रमण नियंत्रण पर प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तत्वावधान में मध्य प्रदेश के चित्रकूट स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं संक्रमण नियंत्रण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण आठ से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने किया। प्रशिक्षण में देवघर, जमशेदपुर, गिरिडीह, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पाकुड़, रामगढ़ और रांची जिलों के नेत्र सर्जन, नेत्र सहायक और ओटी नर्सें भाग ले रही हैं। शशि प्रकाश झा ने कहा कि डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग से आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने रोकथाम योग्य अंधता को कम करने के लिए विद्यालय और समुदाय स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। साथ ही एनजीओ के सहयोग से स्क्रीनिंग, रेफरल और उपचार की समन्वित व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक कौशल को मजबूत करेगा तथा राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं संक्रमण-मुक्त नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में राज्य अंधापन नियंत्रण पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## अजय पाल अध्यक्ष व इंद्रदेव पाल सचिव बने

### विशुनपुरा में पाल संघ की प्रखंड स्तरीय कमेटी गठित

**बंशीधर न्यूज**



**विशुनपुरा :** विशुनपुरा में प्रखंड स्तरीय पाल संघ की बैठक हुई। बैठक में पाल समुदाय के उत्थान को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के अंत में संघ को मजबूत बनाने के लिये कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अजय पाल को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। जबकि पृथ्वी नाथ पाल को उपाध्यक्ष, इंद्रदेव पाल को सचिव, अयोध्या पाल को उपसचिव, अनिल पाल को कोषाध्यक्ष, सुनील पाल को संगठन मंत्री, विकास पाल को संगठन महामंत्री, वसंत पाल को सूचना प्रभारी, उदेश पाल, अनुज पाल, मुद्रिका पाल, रामनाथ पाल, भूखी पाल, गोपाल पाल, कृष्णा पाल, रमेश पाल, उदय पाल, सूर्यदेव पाल, विजय पाल, हरिनाथ पाल को संयोजक चुना गया। चुने गये सभी लोगों ने समाज के प्रति अपनी निःस्वार्थ सेवा एवं समर्पण की प्रतिबद्धता जताई। बैठक की अध्यक्षता पृथ्वी नाथ पाल व संचालन उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में पाल समुदाय के लोग मौजूद थे।

**विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन**

# खराब पड़े जलमीनार को चालू कराने की मांग

**बंशीधर न्यूज**



**मेराल :** प्रखंड के अरंगी पंचायत अंतर्गत बनखेता गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। गांव में लगाये गये जलमीनार खराब पड़े हुये हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट को लेकर विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर खराब पड़ी जलमीनारों को अविलंब चालू कराने की मांग की है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व बनवाई गई 8000 लीटर क्षमता की जलमीनार पिछले कई महीनों से खराब पड़ी है। स्थानीय जलसहिया उषा देवी द्वारा कई बार शिकायत किये जाने के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। ज्ञापन के अनुसार इस जलमीनार से 15 से 20 भुईयां समाज के परिवारों सहित कई अन्य घरों को पानी की आपूर्ति होती थी। जलमीनार के बंद रहने से ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे गर्मी के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्राथमिक विद्यालय बनखेता के उत्तर स्थित दूसरी 8000 लीटर क्षमता वाली जलमीनार भी कई महीनों से बंद पड़ी है। बताया गया कि जलमीनार के ऊपर लगा सोलर पंखा टूटकर गिर जाने के कारण पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों और जलसहिया द्वारा कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय कर्मी जांच के लिये आये थे और कुछ सामान भी साथ ले गये, लेकिन अब तक जलमीनार को चालू नहीं कराया गया। दोनों जलमीनारों के खराब रहने से गांव के दर्जनों परिवारों को पेयजल के लिये भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ लाल मोहन ने डीसी से मामले की जांच कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं संवेदकों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा दोनों जलमीनारों को शीघ्र दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

## झारखंड में लैंड सर्वे में देरी पर हाई कोर्ट सख्त

रांची। भूमि सर्वेक्षण (लैंड सर्वे) कार्य में देरी को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने निर्धारित समय सीमा के बावजूद सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह 25 जून तक शपथपत्र दाखिल कर यह स्पष्ट करे कि राज्य के सभी जिलों में लैंड सर्वे कब तक पूरा किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 29 जून को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। अदालत ने 17 जून 2025 को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव को चार सप्ताह में नई तकनीक अपनाने और छह माह के भीतर पूरे राज्य में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया था।

# तालाब और सड़कों पर निर्माण कार्य का कांग्रेस-सीपीआई ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर:** नगर निगम क्षेत्र में तालाब एवं मुख्य सड़कों के किनारे कराए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने कड़ी आपत्ति जताई है। सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष विमला कुमारी, कांग्रेस नेता राजेश चौरसिया तथा सीपीआई के वरिष्ठ नेता केडी सिंह ने विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर नगर निगम प्रशासन पर मनमाने ढंग से कार्य कराने का आरोप लगाया।

निरीक्षण के दौरान नेताओं ने नावाटोली स्थित सैंदर्श तालाब में बन रहे मार्केट कॉम्प्लेक्स पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस निर्माण से तालाब के प्राकृतिक जल निकासी मार्ग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उनका कहना है कि बरसात के दौरान इससे आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या बढ़ सकती है और लोगों के घरों में पानी प्रवेश करने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि अत्यधिक वर्षा होने पर तालाब के बांध पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विमला कुमारी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन को तालाबों और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए, लेकिन वर्तमान में ऐसे निर्माण कराए जा रहे हैं, जिनसे आम लोगों की समस्याएं बढ़ने की आशंका है। उन्होंने रेडमा समेत अन्य क्षेत्रों में सड़क किनारे प्रस्तावित निर्माण कार्यों पर भी आपत्ति जताई।

कांग्रेस और सीपीआई नेताओं ने मांग की कि तालाब एवं सड़क अतिक्रमण से जुड़े निर्माण कार्यों की तत्काल समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो दोनों दल संयुक्त रूप से आंदोलन शुरू करेंगे।

## न्यूज अपडेट्स

### जनसहयोग से पुनर्जीवित होगी मंदेया नदी : अरविंद गुप्ता

**छतरपुर :** नगर पंचायत क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं परंपरागत जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। वर्षों से उपेक्षित पड़ी मंदेया नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नगर पंचायत, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों ने संयुक्त रूप से अभियान छेड़ दिया है। जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित इस पहल की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की नदियां और जल स्रोत उसके विकास की आधारशिला होते हैं। इनके संरक्षण से जहां भू-जल स्तर में सुधार होता है, वहीं पर्यावरण संतुलन भी बना रहता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधन सुरक्षित रहते हैं। समाजसेवी रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी ने कहा कि छतरपुर को स्वच्छ, सुंदर और हरित नगर बनाने के लिए वे हरसंभव सहयोग देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि नदियों और प्राकृतिक जल स्रोतों की रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है और इसके लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

### दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत, दो जख्मी

**मेदिनीनगर :** पांकी के इमली चौक के समीप सोमवार को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान अंकित सिंह व दीपक कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नितिल कुमार और सुधांशु सिंह शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, इमली चौक के पास दुर्घटना के बाद दोनों बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद पथरा निवासी अंकित सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल कसमार शामगढ़ निवासी दीपक कुमार यादव को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई।

## पलामू

### पशु वैक्सीनेशन व कृषि कार्यों में लाएं तेजी : डीसी

# योजनाओं में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कृषि, आत्मा, पशुपालन, गव्य विकास, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए।

बैठक में डीसी ने खरीफ मौसम की तैयारियों, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, केसीसी, किसान पाठशाला, पशुधन विकास तथा पशु वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन लाभुकों को अनुदान की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है, लेकिन वे योजनाओं को धरातल पर नहीं उतार रहे हैं, उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि खरीफ 2026-27 के लिए जिले में 1.37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को अनुदानित दर पर धान बीज उपलब्ध कराने के लिए राज्य स्तर से 2000 क्विंटल बीज आवंटित किया गया है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बीज और उर्वरक की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने तथा विशेष शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त करने पर जोर दिया।

बैठक में मत्स्य विभाग की वेद व्यास योजना एवं मत्स्य विपणन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। वहीं उद्यान विभाग द्वारा संचालित सब्जी, पुष्प, मशरूम, मधुमक्खी पालन और गृह वाटिका योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली गई। डीसी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों और लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मानसून में नहीं होगी बालू की किल्लत, पर्याप्त भंडारण की है व्यवस्था: सुनील कुमार

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** मानसून के दौरान जिले में बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला खनन विभाग ने व्यापक तैयारी कर ली है। डीएमओ सुनील कुमार ने कहा कि विभिन्न स्टॉक यार्डों में पर्याप्त मात्रा में बालू का भंडारण किया गया है, जिससे बारिश के मौसम में भी निर्माण कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेंगे और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पाटन प्रखंड स्थित बरसैता स्टॉक यार्ड में बड़ी मात्रा में बालू का भंडारण किया गया है। इसके संचालन के लिए जेएसएमडीसी के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर संवेदक की नियुक्ति कर दी गई है। वर्तमान में बरसैता यार्ड में लगभग 1.43 लाख घनफीट बालू उपलब्ध है। इस यार्ड के संचालन से अब तक सरकार को 32.42 लाख रुपये का



राजस्व प्राप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि बरसैता के अलावा जिले के नौ अन्य स्टॉक यार्डों में भी लगभग तीन-तीन लाख घनफीट बालू का भंडारण किया गया है। पर्याप्त भंडारण के कारण मानसून के दौरान बालू की आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी तथा कृत्रिम संकट या कालाबाजारी की आशंका नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध बालू के साथ-साथ बिहार से आने वाली आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है, जिससे बाजार में कीमतों पर नियंत्रण बना रहेगा। उन्होंने बताया कि विभाग लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्टोन चिप्स, ईंट एवं अन्य निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता भी पर्याप्त है। ऐसे में आवासीय, व्यावसायिक और सरकारी निर्माण कार्यों पर बारिश के मौसम का कोई विशेष प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। जिला प्रशासन निर्माण गतिविधियों को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है।

## जमीन विवाद में युवक की हत्या दुखद, दोषियों को मिले कड़ी सजा : डॉ कुलदेव



**गढ़वा :** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रामपुर (चौधरी टोला) में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक घटना में 30 वर्षीय सकेन्द्र चौधरी की हत्या के बाद महर्षि वेद व्यास परिषद, झारखंड के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। निषेधाज्ञा लागू रहने के कारण उन्होंने अकेले ही मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा न्याय दिलाने की मांग की। डॉ चौधरी ने कहा कि जमीन विवाद में एक युवक की जान जाना बेहद दुखद और समाज के लिये चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पलामू की धरती शांति और सौहार्द की रही है, लेकिन जमीन के छोटे से विवाद में हत्या जैसी घटनाएं पूरे समाज के लिये शर्मनाक हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस द्वारा दो लोगों की गिरफ्तारी की गई है तथा लाइसेंसी बंदूक निरस्त करने की अनुशंसा की गई है, जो स्वागतयोग्य कदम है। हालांकि उन्होंने निष्पक्ष जांच कर वास्तविक साजिशकर्ताओं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि विवादित भूमि को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है। यदि समय रहते प्रशासनिक स्तर पर समाधान नहीं निकाला गया तो भविष्य में भी तनाव और अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी विवादों का समाधान लाठी, गोली और बंदूक से नहीं बल्कि कानून और लोक अदालत के माध्यम से होना चाहिये। डॉ चौधरी ने सरकार से मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री राज्य पीड़ित मुआवजा योजना के तहत 20 लाख रुपये अथवा नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की। साथ ही मृतक की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी अथवा स्वरोजगार के लिये पांच लाख रुपये की सहायता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनकी शिक्षा, सुरक्षा और भरण-पोषण सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। मौके पर मृतक की पत्नी तेतरी कुंवर, पुत्र नितेश चौधरी, पिता मधु चौधरी, उदय नारायण चौधरी, सरयू चौधरी, रामदेव चौधरी, हिरामन चौधरी, मनोज चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। डॉ कुलदेव चौधरी ने अपनी ओर से पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की तथा घायलों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने की घोषणा की।

## आवास प्लस सूची सत्यापन को लेकर पंचायतों में ग्रामसभा, उमड़ी भीड़



**डंडई :** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस सर्वे सूची के सत्यापन को लेकर सोमवार को डंडई प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालयों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड की सात पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित कर सूची में शामिल लाभुकों के नामों का सत्यापन किया गया। सदर पंचायत डंडई में मुखिया धनवंती देवी की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में अपना नाम सुनने और सत्यापन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए लोगों की भारी भीड़ पंचायत सचिवालय पहुंची। भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक था। ग्रामसभा के दौरान पंचायत सचिव नरेश ठाकुर ने आवास प्लस सूची में शामिल लाभुकों के नाम एक-एक कर पढ़कर सुनाये। इसके बाद उपस्थित ग्रामीणों से सूची को लेकर सुझाव एवं आपत्तियां भी आमंत्रित की गईं। ग्रामीणों ने पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने तथा अपात्र लोगों को सूची से बाहर रखने की मांग की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, पंचायत सचिव नरेश ठाकुर, बीडीसी सदस्य मिथिलेश प्रसाद, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, विकास कुमार, राजू कुशवाहा, आनंद प्रकाश, प्यारी सिंह, उदय राम, प्रभु राम, मोजाहिद अंसारी, लाल मोहम्मद अंसारी, राकेश कुमार ठाकुर, राम नरेश ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नशा समाज और परिवार दोनों के लिये घातक

# ड्रग फ्री इंडिया का दिलाया गया संकल्प

बंशीधर न्यूज



**डंडई :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय डंडई में 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत नालसा की डाउन-ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया योजना-2025 विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत सचिव नरेश ठाकुर ने की। कार्यक्रम का आयोजन झालसा रांची के निर्देश तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोज प्रसाद एवं सचिव निभा रंजना लकड़ा के आदेशानुसार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एलएडीसी उत्तम कुमार भारती ने नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है। घर, जमीन और संपत्ति तक बिक जाती है तथा बच्चों की शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। नशे के कारण परिवारों में तनाव और नकारात्मक माहौल बना रहता है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन जीने की अपील की। उत्तम कुमार भारती ने नशा मुक्ति केंद्रों की जानकारी देते हुये बताया कि नशे की लत से ग्रसित लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था भी उपलब्ध है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया और सभी को ड्रग फ्री इंडिया का संकल्प दिलाया। पीएलवी कन्हैया प्रजापति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के लिये संचालित स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। मौके पर डंडई मुखिया महेश राम, पीएलवी कुलदीप राम, राजू कुशवाहा, विकास कुमार, पिंकी कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आवास सूची से नाम गायब होने पर ग्रामसभा में हंगामा, ग्रामीणों ने लगाये पैसे लेने के आरोप




बंशीधर न्यूज

**केतार :** प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत भवन में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस-2025 हाउसहोल्ड सर्वे की ड्राफ्ट परमानेंट वेटिंग लिस्ट (पीडब्ल्यूएल) के सत्यापन के दौरान जमकर हंगामा हुआ। सूची में कई जरूरतमंद परिवारों का नाम नहीं मिलने से ग्रामीण भड़क उठे और पंचायत भवन परिसर में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। डीडीसी के निर्देश पर आयोजित ग्रामसभा का उद्देश्य आवास प्लस सूची का सत्यापन एवं नियमानुसार अनुमोदन करना था। पंचायत सचिव आदित्य कुमार द्वारा जैसे ही सूची में शामिल लाभुकों के नाम पढ़कर सुनाये गये, कई ग्रामीणों ने आपत्ति जतानी शुरू कर दी। उनका आरोप था कि गांव के कई वास्तविक पात्र परिवारों का नाम सूची में शामिल नहीं किया गया है। हंगामे के दौरान कुछ ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने और आवास स्वीकृत कराने के नाम पर उनसे पूर्व में पैसे लिये गये थे। ग्रामीणों का कहना था कि पैसा देने के बावजूद उनका नाम सूची में नहीं आया, जिससे वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हालांकि आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। स्थिति को देखते हुये मौके पर मौजूद कर्मियों और पर्यवेक्षकों ने ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने बताया कि सूची पूर्व में किये गये हाउसहोल्ड सर्वे के आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूट गया है तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच की जायेगी। ग्रामीणों ने मांग की कि आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली करने वाले बिचौलियों और दोषी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाय तथा वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जाय। ग्रामसभा में समाजसेवी सीताराम जायसवाल, बीडीसी प्रतिनिधि कामेश्वर सिंह, उप प्रमुख शंभू सिंह, पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव, रमेश राम, वार्ड सदस्य उमेश राम, परमेंद्र राम, राजीव बैठा, उमेश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### नामांकन सीटों में कटौती के खिलाफ अभाविप का प्रदर्शन, 24 घंटे का अल्टीमेटम

**मेदिनीनगर :** अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने जनता शिवरात्रि कॉलेज में स्नातक नामांकन के लिए सीटों में की गई कटौती तथा क्लस्टर सिस्टम लागू किए जाने के विरोध में सोमवार को कॉलेज प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्राचार्य को मांग पत्र सौंपा। परिषद ने छात्र हितों का हवाला देते हुए दोनों निर्णयों को तत्काल वापस लेने की मांग की है। अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि नामांकन सीटों में कटौती और क्लस्टर सिस्टम लागू करने का निर्णय छात्र विरोधी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो परिषद छात्र हित में आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। कॉलेज प्रभारी जिया सिंह ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर कॉलेज प्रशासन ने कोई ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। मौके पर किसलय दूबे, दिवाकर शुक्ला, अमन पांडेय, खुशबू कुमारी सहित परिषद के कई कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गढ़वा ▶ लगातार 15वें दिन भी दिखी लोगों की सहभागिता

# सरस्वतिया नदी सफाई का अभियान तेज

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जनसहभागिता एवं प्रशासनिक सहयोग से संचालित आपन सरस्वतिया अभियान के तहत सोमवार को लगातार 15 वें दिन भी सरस्वतिया नदी की सफाई, डी-सिल्टिंग और पुनर्जीवन का कार्य जारी रहा। आज का अभियान गढ़वा प्रखंड कार्यालय के सामने स्थित जोबरैया और पिपरा कला के बीच नदी क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के दौरान नदी के बीच गिरे पुराने सूखे एवं टूटे हुये वृक्षों, बड़ी-बड़ी डालियों तथा जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर रहे स्थायी एवं अस्थायी अवरोधों को हटाया गया। इसके साथ ही कई स्थानों पर नदी का चौड़ीकरण भी किया गया, ताकि जलधारा के प्राकृतिक प्रवाह को सुचारू बनाया जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों से नदी के भीतर पड़े



इन अवरोधों के कारण बरसात के दिनों में जल निकासी प्रभावित होती थी और कई स्थानों पर गाद का जमाव बढ़ जाता था। अभियान के तहत इन बाधाओं को हटाकर नदी के मूल स्वरूप को पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। आज का सफाई एवं डी-सिल्टिंग अभियान मेदिनीनगर स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के सौजन्य से संचालित किया गया। उनके सहयोग से मशीनों की व्यवस्था कर नदी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य कराया गया। मौके पर एसडीएम संजय कुमार ने अविनाश देव के सहयोग की सराहना करते हुये कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी ही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जब गढ़वा की भौगोलिक सीमा से बाहर के नागरिक भी किसी सार्वजनिक उद्देश्य को अपना अभियान मानकर सहयोग करते हैं, तो सकारात्मक परिणाम स्वाभाविक रूप से सामने आते हैं। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे। लोगों ने नदी संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये सफाई कार्य में सहयोग किया तथा सरस्वतिया नदी को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाये रखने का संकल्प लिया। एसडीएम ने कहा कि आपन सरस्वतिया अभियान अब एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। पिछले 15 दिनों से समाज के विभिन्न वर्गों, शिक्षाविदों, व्यवसायियों, सामाजिक कार्यकताओं और आम नागरिकों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरस्वतिया नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर है। इसके संरक्षण और पुनर्जीवन के लिये प्रशासन और समाज का यह संयुक्त प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टीचिंग एड्स पर कार्यशाला आयोजित

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में सोमवार को फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, योगा, स्पोर्ट्स साइंस एंड फिजिकल एजुकेशन द्वारा शिक्षण सहायक सामग्री (टीचिंग एड्स) विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यशाला में शिक्षण सहायक सामग्री के महत्व, उपयोग तथा उसे तैयार करने की विभिन्न विधियों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षण सहायक सामग्री शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली, रोचक एवं आकर्षक बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को अपने अध्यापन को अधिक प्रभावी बनाने के लिये शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग करना चाहिये, क्योंकि इससे विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि एवं समझ विकसित होती है। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार ने शिक्षण सहायक सामग्री के निर्माण की प्रक्रिया एवं उसके विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी। उन्होंने श्रव्य, दृश्य तथा श्रव्य-दृश्य शिक्षण सामग्रियों के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये विभिन्न विषयों के उदाहरणों के माध्यम से इनके प्रभावी प्रयोग की विधियां बताईं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार चौबे ने किया। मौके पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक शशिकांत सिंह यादव, अरविंद कुमार तिवारी, सतीश कुमार बिंद, प्रशांत कुमार ओझा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन

# सांसद वीडी राम ने चलाया जनसंपर्क अभियान

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को बारह साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान के तहत अपने संसदीय क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से संवाद किया और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।



अभियान के तहत सांसद ने शाहपुर, चैनपुर, मेदिनीनगर, सुदना और हमीदगंज में सामाजिक कार्यकताओं, प्रबुद्धजनों और आम नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने चैनपुर स्थित स्प्रिंगफील्ड इंटरनेशनल स्कूल तथा मेदिनीनगर के कचरवा डैम परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए लोगों से प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए कपड़े और कागज के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। इसके बाद सांसद ने प्रगति पथ यात्रा के तहत डालटनगंज बाइपास सड़क, मेडिकल कॉलेज पोखराहा, केंद्रीय विद्यालय तथा जुडको द्वारा संचालित फेज-2 पेयजलापूर्ति योजना सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

सांसद श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि गरीबों, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के सशक्तीकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, विजयानंद पाठक, विभाकर नारायण पांडेय, अविनाश वर्मा, प्रमोद सिंह, अलख दूबे सहित कई भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## धान भुगतान समेत किसानों की समस्याओं को लेकर डीसी से मिले किसान, सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर :** धान बिक्री की लंबित राशि के भुगतान एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने सोमवार को डीसी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने धान खरीद के बाद भी लंबित भुगतान, आर्थिक कठिनाइयों तथा खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। किसानों ने बताया कि धान बेचने के बावजूद कई किसानों को अब तक भुगतान नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि किसानों ने कठिन परिश्रम से फसल तैयार की और सरकार ने धान की खरीद भी कर ली, लेकिन भुगतान में हो रही देरी किसानों के लिए चिंता का विषय है। डीसी ने किसानों की समस्याओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने तथा लंबित भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का आश्वासन दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन स्तर पर हरसंभव पहल की जाएगी। मौके पर अमरेश कुमार पांडेय, रामलाल चौरसिया, श्यामलाल चौरसिया, सच्चिदानंद तिवारी, रुद्रेश्वर तिवारी, अजीत तिवारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### 24 घंटे में लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल बरामद

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में राहगीर से बाइक और मोबाइल लूटने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घटना में शामिल दो विधि-विरुद्ध बालकों को हिरासत में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 4 जून की रात करीब ढाई बजे मालवरिया बस्ती के समीप सुनसान सड़क पर चार अपराधियों ने एक युवक को रोककर उसके साथ मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने पीड़ित के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ल के नेतृत्व में विशेष एसआईटी का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान वसीम अख्तर तथा उज्जवल उर्फ कुंवर उपाध्याय दोनों निवासी लोटनिया की निशानदेही पर लूटी गई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और नथिंग कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी चंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रणधीर यादव सहित हुसैनाबाद थाना के सशस्त्र बल, चालक एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### खराब प्रदर्शन पर अधिकारियों और विद्यालयों को डीसी की चेतावनी




**गढ़वा :** समाहरणालय सभागार में सोमवार को डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुये डीसी ने खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और विद्यालयों पर नाराजगी जताई तथा आवश्यक सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। डीसी ने डीएसई अनुराग मिंज, सभी बीईईओ, बीपीओ और बीपीएम से शिक्षा विभाग के विभिन्न इंडिकेटर्स की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने और छात्र-शिक्षक उपस्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही डीईओ एवं डीएसई को अपने अधीनस्थ कर्मियों की उपस्थिति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने कहा कि सभी योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय। पीएम-पोषण योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के अनुसार ही पोषक एवं पूरक आहार उपलब्ध कराया जाय। वहीं विभिन्न इंडिकेटर्स में कमजोर प्रदर्शन करने वाले बीपीओ-बीपीएम तथा पिछले तीन वर्षों से जैक और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में खराब परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्रभारियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। बैठक में कुछ विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और कुछ में अधिक पदस्थापन का मामला सामने आने पर डीसी ने शिक्षकों के रैशनलाईजेशन का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिये सभी अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। बैठक में डीडीसी प्रेमलता मुर्मू, डीएसई अनुराग मिंज, सभी बीईईओ, बीपीओ-बीपीएम तथा शिक्षा विभाग के एई और जेई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जाह्नवी के समर्थन में खुलकर आए जगपति बाबू



जगपति बाबू ने फिल्म 'पेड्डी' को लेकर चल रहे विवाद के बीच अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का समर्थन किया है। फिल्म में उनके किरदार की प्रस्तुति को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार आलोचना हो रही है। कुछ दर्शकों का आरोप है कि फिल्म में कुछ दृश्यों और कैमरा एंगल के जरिए अभिनेत्री को वस्तु की तरह पेश किया गया है, जिसके चलते फिल्म को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। एक बातचीत में जगपति बाबू ने कहा कि कलाकारों को किसी फिल्म के रचनात्मक फैसलों के लिए निशाना बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जाह्नवी ने वही किया जो निर्देशक ने उनसे करने के लिए कहा था और कभी-कभी रचनात्मक प्रक्रिया में कुछ चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पातीं। अभिनेता ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह इस मामले में जाह्नवी कपूर के साथ खड़े हैं और उन्हें व्यक्तिगत रूप से ट्रोल कर मानसिक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। इससे पहले फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना भी विवाद पर प्रतिक्रिया दे चुके हैं। उन्होंने दर्शकों की आपत्तियों को स्वीकार करते हुए माफी मांगी थी और कहा था कि फिल्म के कुछ विवादित दृश्यों में बदलाव किया जाएगा। निर्देशक ने स्पष्ट किया था कि उनका उद्देश्य केवल मनोरंजन और प्रेरणा देना था, किसी को असहज या अपमानित महसूस कराना नहीं। हालांकि, इस पूरे विवाद पर अब तक जाह्नवी कपूर की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार की फीस का खुलासा



अभिनेता अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' रिलीज से पहले ही चर्चा में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय कुमार ने इस फिल्म के लिए पारंपरिक भारी-भरकम फीस लेने के बजाय एक अलग मॉडल अपनाया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने अग्रिम भुगतान के रूप में केवल 1.8 करोड़ रुपये लिए हैं और इसके बदले फिल्म के मुनाफे में हिस्सेदारी का समझौता किया है। रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय कुमार को फिल्म के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) से होने वाली कमाई में 72 प्रतिशत हिस्सा मिल सकता है, जबकि निर्माताओं के पास 28 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। माना जा रहा है कि यदि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रहती है तो यह सौदा अभिनेता के लिए पारंपरिक फीस से कहीं अधिक लाभदायक साबित हो सकता है। फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है और यह लोकप्रिय 'वेलकम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि फिल्म के निर्माता रिलीज से पहले ही ओटीटी, सैटेलाइट, ऑडियो और अन्य सहायक अधिकारों की बिक्री से लगभग 120 करोड़ रुपये की कमाई कर चुके हैं। ऐसे में फिल्म पर शुरुआती वित्तीय दबाव काफी कम हो गया है। 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस मल्टीस्टारर फिल्म में सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी और तुषार कपूर समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## ओमान तट के पास जहाज में धमाका, सभी 24 भारतीय सुरक्षित






# नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू, निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक वातावरण और जयघोषों के बीच सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष भक्तों ने इस कलश यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजन के साथ हुआ। विद्वान आचार्यों एवं पंडितों द्वारा अभिमंत्रित कलशों को श्रद्धालुओं ने अपने हाथों में धारण किया और पैदल यात्रा करते हुये स्थानीय तालाब तक पहुंचे। वहां वैदिक विधि-विधान के अनुसार जल भरने की प्रक्रिया संपन्न की गई। इसके बाद श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुये भक्ति गीतों, जयघोषों और धार्मिक नारों के साथ यज्ञ स्थल सूर्य मंदिर प्रांगण पहुंचे। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कलशों को निर्धारित स्थान पर स्थापित किया। पूरे मार्ग में भक्तिमय



माहौल बना रहा तथा क्षेत्र के लोगों ने जगह-जगह कलश यात्रियों का स्वागत किया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय वातावरण में सराबोर हो गया। नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ के सफल आयोजन में यज्ञ समिति एवं सक्रिय कमेटी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के सदस्यों ने कलश यात्रा की व्यवस्था, सुरक्षा, श्रद्धालुओं के लिये आवश्यक सुविधाओं तथा यज्ञ स्थल की तैयारियों में विशेष योगदान दिया। उनके अथक प्रयासों से कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वैदिक अनुष्ठान, हवन-पूजन, प्रवचन, भजन-कीर्तन तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। महायज्ञ को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक यह नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रहा है तथा श्रद्धालुओं को धर्म एवं संस्कारों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। मौके पर युवा समाजसेवी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे, विनोद पाठक, शोभा पाठक, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय, कांडी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार, मुखिया विजय राम, गोपाल सोनी, विजय सोनी के अलावें में अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मारपीट के मामले में युवक गिरफ्तार



**पांडू :** पुलिस ने मारपीट के एक मामले में दिव्यांश शुक्ला नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित लक्ष्मी नारायण शुक्ला के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद पांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान आरोपी की संलिप्तता पाये जाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुये उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिये प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## श्री बंशीधर नगर में दौड़ेगा खेलो इंडिया का जोश, 11 जून को होगी महिला साईकिलिंग सिटी लीग



**श्री बंशीधर नगर :** विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया अस्मिता महिला साईकिलिंग सिटी लीग का आयोजन 11 जून को श्री बंशीधर नगर में किया जायेगा। इस संबंध में जिला साईकिलिंग संघ के सचिव अरविंद कुमार दुबे ने प्रशासन को सूचना देते हुये आवश्यक अनुमति एवं सहयोग का अनुरोध किया है। आयोजन प्रभारी विशाल सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रतियोगिता 11 जून को सुबह 5 से 7 बजे तक आयोजित होगी। साईकिल रैली एवं प्रतियोगिता का मार्ग कचहरी परिसर से जंगीपुर पावर हाउस तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, फिटनेस को बढ़ावा देना तथा साईकिलिंग संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, सीओ विकास सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। एसडीओ ने सीओ, थाना प्रभारी व अनुमंडल अस्पताल के डीएस को पत्र लिखकर कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने, यातायात नियंत्रण एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला साईकिल खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। उधर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## दो मामलों में तीन गिरफ्तार




**ऊंटारी रोड :** पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों में नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी संतोष गिरिं ने बताया कि मारपीट किये जाने मामले के प्राथमिकी अभियुक्त लहर बंजारी के भृगुनाथ राम को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि एससी एसटी मामले के दो प्राथमिकी अभियुक्त लहर बंजारी के ही जितेंद्र मेहता व कौशल मेहता को भी गिरफ्तार किया गया है।

## ह्यूम पाईप के नीचे दबने से किशोर की मौत



**रमना :** रमना थाना क्षेत्र के कोरगा गांव के हदुरा टोला निवासी पिंटू चौधरी के 11 वर्षीय इकलौते पुत्र राकेश कुमार की मौत ह्यूम पाईप के नीचे दबने से होने की चर्चा जोरों पर है। इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही व आम लोगों में दबी जुबान हो रही चर्चा के अनुसार शनिवार की शाम गांव के समीप एक निर्माण कंपनी द्वारा रखे गये लोहे के बड़े ह्यूम पाईप के पास हादसा की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि राकेश अपने दो साथियों के साथ वहां खेल रहा था। इसी दौरान मौसम खराब होने के बाद बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के क्रम में एक पाईप खिसक गई और राकेश उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों ने बालक का अंतिम संस्कार कर दिया। इकलौते पुत्र की असमय मौत से स्वजन गहरे सदमे में है और कुछ स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं हैं। घटना को लेकर गांव में चचाओं का बाजार गर्म है।

### आत्मा गढ़वा में विभिन्न पदों पर भर्ती को लेकर समिति की बैठक आयोजित

# विभिन्न पदों के लिए आये हैं 408 आवेदन पत्र, शुरुआती जांच में 13 निरस्त

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) गढ़वा के विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में नियुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने की। इस दौरान नियुक्ति प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा करते हुये डीसी ने पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ चयन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये। बैठक में परियोजना निदेशक आत्मा-सह-जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान ने समिति को जानकारी देते हुये बताया कि प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी



प्रबंधक एवं लेखापाल-सह-लिपिक पदों के लिये कुल 408 आवेदन प्राप्त हुये हैं। इनमें प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पद के लिये 76, सहायक तकनीकी प्रबंधक पद के लिये 291 तथा लेखापाल-सह-लिपिक पद के लिये 41 आवेदन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच के दौरान नियमानुसार 13 आवेदनों को निरस्त किया गया है। शेष आवेदनों की आगे की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित की जायेगी। बैठक में डीसी श्री मिश्रा ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभ्यर्थियों को अपने आवेदन से संबंधित दावा-आपत्ति दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया जाय। इसके लिये 17 जून 2026 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित करने तथा प्राप्त आपत्तियों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का संचालन निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप किया जायेगा, ताकि योग्य एवं पात्र अभ्यर्थियों का निष्पक्ष चयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में डीडीसी प्रेमलता मुर्मू, स्थापना उप समाहर्ता, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)